हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

11 राजनेताओं की भीड़ में नहीं, अपने वजूद से आगे बढ़ें युवा



12 मतदाताओं में जागरुकता के लिए बनाया सेल्फी प्वाइंट



## खबर संक्षेप

### आपसी विवाद में फायरिंग, एक घायल

**डबवाली।** उपमंडल के गांव मटदादू में आपसी विवाद के चलते हुई फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हो गया। बताया जा रहा है कि प्रदीप सिंह मटदादू व इसका रिश्तेदार कुलदीप सिंह अपने खेत में कमरा बना रहे थे। इसी दौरान मौके पर जगदेव सिंह वासी मलकाना बठिंडा पंजाब पहुंचा और उसने अपने रिवाल्वर से कुलदीप सिंह पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से कुलदीप सिंह घायल हो गया। परिजनों ने घायल कुलदीप सिंह को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया।

### कालांवाली से हेरोइन सहित युवक काबू

**सिरसा।** एएनसी डबवाली स्टाफ ने मंडी कालांवाली से 6 ग्राम 70 मिलीग्राम हेरोइन सहित एक युवक को काबू किया है। पुलिस टीम को एक युवक पंजाब नेशनल बैंक की ओर से आता नजर आया। युवक ने पुलिस टीम को देखकर वहां से जाने खिसकने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 6 ग्राम 70 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान रंजत कुमार निवासी वार्ड नंबर 15 कालांवाली के रूप में हुई है।

### चूरापोस्त सहित बाइक सवार दबोचा

**सिरसा।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गांव केवल से एक युवक को 1 किलोग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गशत के दौरान गांव केवल में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस ने सामने से आ रहे बाइक सवार युवक को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से एक किलो चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान बादल सिंह गांव केवल के रूप में हुई है।

### अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**ओढां।** ओढां थाना पुलिस ने गश्त के दौरान गांव नुहियांवाली से एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम गश्त के दौरान गांव नुहियांवाली के नजदीक मौजूद थी। इसी दौरान एक सूचना के आधार पर पुलिस ने ठाकरवाली ठाणी के पास पहुंचकर जांच की तो उन्हें एक प्लास्टिक की कैनी में 10 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान विनोद कुमार निवासी नुहियांवाली के रूप में हुई।

### वीआईपी नंबर के लिए आज करें आवेदन

**सिरसा।** एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि सिरसा उपमंडल के लिए वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर की नई सीरिज शुरु होने वाली है। नई सीरिज में वीआईपी नंबर लेने के इच्छुक व्यक्ति 16 अप्रेल को शाम 3 बजे तक एसडीएम कार्यालय के कमरा नंबर 15 में अपना आवेदन कर सकते हैं। वाहनों के रजिस्ट्रेशन की नई सीरिज में वीआईपी नंबर लेने के लिए आवेदन करना होता है, इसलिए जो व्यक्ति वीआईपी नंबर लेने का इच्छुक है, वह 16 अप्रेल को शाम 3 बजे तक अपना आवेदन कर सकता है।

### सांगवान चौक पर लैब के बाहर से बाइक चोरी

**सिरसा।** शहर के सांगवान चौक के समीप से चोरों ने एक मोटरसाइकिल चोरी कर ली। शहर के खाईवाली गली निवासी शंकरलाल ने बताया कि बीती शाम को वह सांगवान चौक पर स्थित एक लैब पर काम से गया था। मोटरसाइकिल बाहर खड़ी कर वह काम से चला गया। इसी दौरान कोई व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। जब वह वापस आया तो बाइक गायब मिली। उसने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

### मुख्तयार सिंह मैमोरियल कॉलेज बहबलपुर का चालक शराब के नशे में चला रहा था कॉलेज बस

# ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान 22 स्कूल वाहनों को इंपाऊंड किया

### 71 स्कूल बसों के चालान अवैध रूप से चलती मिली 15 टाटा ऐस बसें

### कनीना स्कूल बस हादसे के बाद भी सबक नहीं ले रहे स्कूल संचालक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

कनीना स्कूल बस हादसे के बाद अभी भी स्कूल संचालक सबक नहीं ले रहे हैं। काफी स्कूल बसों में अभी भी नियम कायदे पूरे नहीं किए जा रहे। इतना ही नहीं ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी सख्ती के दौरान एक और बस चालक शराब के नशे में मिला, जिस पर बस को इंपाऊंड कर लिया गया। यह बस फतेहाबाद के बहबलपुर गांव स्थित मुख्तयार सिंह मैमोरियल कॉलेज की बताई गई है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा आज चलाए गए अभियान के दौरान इस कॉलेज सहित 22 स्कूल वाहनों को परमिट न होने, फिटनेस पास न होने आदि कारणों के चलते इंपाऊंड कर दिया, जबकि अन्य कमियों के चलते 71 स्कूली बसों के चालान किए गए। इनमें फतेहाबाद, भूना, भट्टू भी शामिल हैं। इंपाऊंड होने वाले वाहनों में 15 टाटा एस हैं, जो अवैध रूप से चल रहे थे। फतेहाबाद में ट्रैफिक पुलिस लगातार स्कूल बसों की चेकिंग कर रही है। आज लाल बत्ती चौक व पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस आरटीए विभाग के अधिकारियों के साथ नाकाबंदी कर खड़ी रही। इस दौरान आने जाने वाली सभी स्कूल बसों को रोककर चेकिंग की गई। इस दौरान तीन स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य कमियां मिलने पर उनके चालान काटे गए, जबकि पांच वाहनों को इंपाऊंड किया गया। ट्रैफिक पुलिस से हेतराम ने बताया कि बहबलपुर के मुख्तयार सिंह कॉलेज के चालक ने शराब पी रखी थी, जबकि अन्य बसों के परमिट न होने या फिटनेस पास न होने जैसी खामियां मिलीं।




**फतेहाबाद।** पासिंग के लिए स्कूल बसों की जांच करते कर्मचारी।

### टोहाना में तीन दिन बंद रहेंगे स्कूल

बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले स्कूल संचालकों को सरकार की सख्ती पसंद नहीं आ रही है। ऐसे में अब ये स्कूल संचालक अपनी मांगे मनवाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने लगे है। इसी के चलते जब विभाग ने नियमों की धज्जियां उड़ा रही बसों की चैकिंग शुरू की गई तो सबसे पहले टोहाना के स्कूलों ने अपने गेटों पर तीन दिन के लिए बंद कर दिए। प्रशासन की सख्ती के बाद सोमवार को टोहाना के निजी स्कूल बंद रहे। स्कूल संचालकों द्वारा बीती शाम को ही 15 से 17 अप्रैल तक स्कूल बंद कर देन का ऐलान कर दिया गया था। स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी बलदेव सैनी ने बताया कि यह निर्णय आरटीओ द्वारा निजी स्कूल बसों पर लागू किए गए 27 कड़े नियमों के विरोध में तथा मनमाने व्यवहार के खिलाफ है। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल संचालक मनमानी कर रहे है। जब बच्चों से पूरा वैन चार्ज वसूला जाता है तो उन्हें पूरी सुविधाएं क्यों नहीं दी जाती।

## प्राइवेट स्कूलों के वाहनों की शत-प्रतिशत होगी चेकिंग

- आरटीए विभाग ने किया चार टीमों का गठन

**फतेहाबाद।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों की पालना को सुनिश्चित करने व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य को लेकर जिला में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिला में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना के लिए चलाए गए अभियान के तहत स्कूल बसों के चालक व परिचालक के लिए जारी किये गये निर्देशों की पालना करने बारे अवगत करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूली बसों को चेक करने के लिए आरटीए विभाग द्वारा चार टीमों का गठन किया गया है। गठित टीमों द्वारा सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी, मोटर व्हीकल एक्ट और अन्य संबंधित नियमों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार स्कूल वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला में संचालित सभी प्राइवेट स्कूलों के वाहनों की चेकिंग शत-प्रतिशत होगी। उन्होंने बताया कि स्कूल बसों द्वारा स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन के मध्येनजर जिला में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिला प्रशासन द्वारा विशेष रुप से कड़ी निगाह रखी जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि स्कूल बसों के चालकों व परिचालकों के साथ ही छात्रों व अन्य मौजूद स्कूल अध्यापकों को भी ट्रैफिक नियमों बारें अवगत करवाया जा रहा है। बच्चों व स्कूल स्टाफ को बसों के संचालन में सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देने का उद्देश्य छात्र सकुशल स्कूल में आ व जा सकें। उन्होंने बताया कि कनीना जिला महेंद्रगढ़ जैसी घटना से हम सभी को सीख लेने को जरूरत है। यातायात पुलिस और आरटीए की टीमों द्वारा वाहनों के दस्तावेज चेक किए जा रहे हैं।



**फतेहाबाद।** बसों को चेक करते हुए ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी।

## पासिंग व फिटनेस चेकिंग में अधिकतर स्कूल बसें रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- प्रशासन की सख्ती से स्कूल संचालकों में हड़कंप

कनीना स्कूल बस कांड के बाद प्रशासन द्वारा बरती जा रही सख्ती से स्कूल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। इसका नतीजा यह रहा कि आज भारी संख्या में स्कूल बसें फिटनेस चेकिंग व पासिंग के लिए हुडा ग्राऊंड में पहुंच गईं। 3 दर्जन से ज्यादा बसें लाइनों में लग गई, लेकिन हैरानी जनक बात रही कि दोपहर 2 बजे तक 20 से ज्यादा बसों में मात्र 2-3 बसें ही पास हो सकीं। अधिकतर बसें छोटी से लेकर बड़ी खामियों के चलते रिजेक्ट कर दी गई। ज्यादा संख्या में बसें आने के कारण पासिंग के लिए आम लोग काफी परेशान दिखे, क्योंकि उनका नंबर नहीं लगा। आरटीए कार्यालय के अधिकारियों ने क्रमवार सभी बसों को तसल्ली से चेक किया।

अधिकतर बसें नियमों पर खरा नहीं उतर पाई। इससे खुलासा हो गया कि स्कूल संचालक बिना फिटनेस पासिंग के ही बसों को चलाकर बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे थे। यह भी सामने आया कि अब तक न तो ट्रैफिक पुलिस ने और न ही आरटीए विभाग ने कभी बसों को चेक करने की जहमत उठाई। कनीना हादसे के बाद से ही प्रशासन की आंखें खुली हैं। चेकिंग टीम के जितेंद्र कुमार ने बताया कि अमूमन महीने में चार-पांच बसें ही पासिंग के लिए आती हैं, लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि एक ही दिन में 35 से 40 बसें चेकिंग करवाने पहुंचीं। जांच के दौरान बसों को स्टार्ट करवाकर देखा कि कितने सेल्फ पर बस स्टार्ट होती है, फिर आगे और पीछे लगी सभी लाइटों, बैक गियर लाइटें भी चेक की। इतना ही नहीं वाइपर तक चलाकर देखे गए। बस में लगे स्पीडोमीटर को चेक किया गया। सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड किट की चेकिंग की गई। इसके अलावा बसों में सीटें कंफर्टेबल हैं या नहीं, इमरजेंसी गेट है और खुलता है या नहीं। यह सब चीजें देखी गई। इसके बाद बस के पीछे पुलिस हेल्पलाइन नंबर, स्कूल का नाम, चालक का नंबर आदि लिखा है या नहीं, यह सब चीज चेक की गई। साथ ही बसों की पासिंग कब तक है, बस और चालक के तमाम कागजात पूरे हैं या नहीं, यह सब भी चेक किया गया।

## कार्यवाहक सरपंच के लिए बैठक स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

- 11 में से 7 पंचायत सदस्य पहुंचे थे मीटिंग में, अधिकारी के छुट्टी पर जाने के कारण बैठक स्थगित

उप मंडल के गांव लांबा में जिला उपायुक्त द्वारा फर्जी डिग्री पाए जाने पर निलंबित किए गए सरपंच गुरदेव सिंह के बाद आज कार्यवाहक सरपंच बनने के लिए खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में आयोजित पंचायत सदस्यों की मीटिंग अधिकारी के न आने के कारण स्थगित कर दी गई है।

मीटिंग में कार्यवाहक सरपंच चुने के लिए 11 में से 7 पंचायत सदस्य पहुंच गए थे लेकिन सरपंच चुने के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की तबीयत खराब होने के कारण छुट्टी पर चले गए जिस कारण मीटिंग को स्थगित कर दिया गया है। बता दें कि गांव लांबा के पूर्व सरपंच जितेंद्र सिंह ने जिला उपयुक्त को एक शिकायत देकर मौजूदा सरपंच गुरदेव सिंह पर दसवीं की फर्जी डिग्री लगाकर चुनाव जीतने का आरोप लगाया था। इसके बाद जिला उपायुक्त के द्वारा पूरे मामले की जांच करवाई गई थी और जांच में फर्जी डिग्री पाए जाने पर उपायुक्त ने गांव लांबा के सरपंच गुरदेव सिंह को निलंबित कर दिया था और उनके स्थान पर पंचायत सदस्यों में से कार्यवाहक सरपंच चुने के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए थे।

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने कार्यवाहक सरपंच चुने के लिए आज पंचायत सदस्यों की एक मीटिंग खंड कार्यालय में बुलाई थी। बताया गया है कि सरपंच चुने के लिए आज 11 में से 7 पंचायत सदस्य खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में पहुंच गए थे लेकिन जब उन्होंने मीटिंग के बारे में पता किया तो पता चला कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की तबीयत खराब हो जाने के कारण वह छुट्टी पर चले गए हैं जिस कारण आज कार्यवाहक सरपंच चुने जाने की कार्रवाई को स्थगित कर दिया गया है।

## पार्क में कूड़ा डालने के विरोध में धरना-नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



**सिरसा।** जेजे कॉलोनी में पार्क में लगे कूड़े के ढेर के विरोध में धरना देकर नारेबाजी करते कॉलोनीवासी।

- समाधान न हुआ तो मतदान का बहिष्कार करेंगे कॉलोनीवासी

जेजे कॉलोनी के पार्क में नगर परिषद द्वारा फैंका जा रहे कूड़े के खिलाफ सोमवार को स्थानीय लोगों ने रोष स्वरुप पार्क के पास धरना देकर नारेबाजी की। धरने पर बैठे सुनील शर्मा, चरण सिंह व अन्य कॉलोनीवासियों ने बताया कि उनकी कॉलोनी में नगर परिषद का पार्क है। नगर परिषद के कर्मचारी इसी पार्क में कूड़ा कचरा डाल रहे है। जिस कारण कॉलोनी में बीमारियां फैल रही हैं। कचरे के कारण मच्छरों व मक्ख्यों से लोग परेशान हो गए हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद ने यहां पर पार्क बच्चों के खेलने व सैर करने के लिए बनाया था लेकिन अब इसको डंपिंग स्टेशन बनाकर छोड़ दिया है। यहां पर कूड़े के ढेर इतने हैं कि सामने वाली सड़क से रात के समय आने वाले व्यक्ति को कट तक दिखाई नहीं देते और वह पार्क की दीवार से जा टकराते हैं। उन्होंने कहा कि वह इसकी शिकायत नगर परिषद, उपायुक्त तक से कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीएमओ तक उन्होंने यह शिकायत भेजी है और आठ माह से उनको परेशानी हो रही है। उन्होंने मांग की कि पार्क से कचरा हटाकर दूसरी जगह फैंका जाए। कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह वोट मांगने वाले किसी नेता को नहीं आने देंगे और साथ ही मतदान का भी बहिष्कार करेंगे।

### खान मोहम्मद के मोबाइल टॉवर से हजारों की बैटरियां चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** गांव खान मोहम्मद स्थित मोबाइल टावर से अज्ञात चोर हजारों रुपये कीमत की बैटरियां चोरी कर ले गया। पुलिस शिकायत में पवन निवासी गांव चौधरीवाली, हिसार ने कहा है कि वह ईएनवीआई कम्पनी में टैक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। उनकी इंडस कम्पनी का एक टावर गांव खान मोहम्मद में लगा हुआ है। गत दिवस उसे कम्पनी से फोन आया कि खान मोहम्मद गांव में एयरटेल का टावर डाउन है। सूचना मिलते ही वह गांव खान मोहम्मद में टावर पर पहुंचा तो देखा कि वहां से 24 सैल बैटरियां गायब मिली। इस पर जब उसने बैटरियां लगाने वाले ठेकेदार से बातचीत की तो उसने बताया कि उसके द्वारा टावर पर 24 सैल बैटरियां लगा दी गई थी। इस पर पहले उन्होंने आसपास तलाश की लेकिन जब चोर बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फतेहाबाद में अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार, मामला दर्ज

**फतेहाबाद।** नाजायज हथियार रखने के आरोप में फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान हुडा सैक्टर 3 फतेहाबाद से जीटी रोड पार करके सैक्टर 8 की तरफ जा रही थी। जैसे ही टीम सैक्टर 8 के पास पहुंची तो सामने से आ रहा एक युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने पीछा कर उसे कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया।युवक ने अपना नाम नवीन कुमार उर्फ धोलिया निवासी खेत ढाणी मताना बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक नाजायज पिस्तौल 315 बोर बरामद हुई। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना शहर फतेहाबाद में उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## राशन डिपो पर सीएम फ्लाइंग की रेड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सीएम फ्लाइंग की टीम ने सोमवार को फतेहाबाद के गांव भिरडाना में एक राशन डिपो पर रेड की। मौके पर स्टॉक मिलान किया गया तो स्टॉक में काफी अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। मिली जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग को भिरडाना के डिपो नंबर 500 में



गड़बड़ी बारे गुप्त सूचनाएं मिली थी। इसके बाद आज सब इंस्पेक्टर रामफल, एएसआई साधु राम तथा फूड सप्लाई विभाग के इंस्पेक्टर नरेश कुमार व जितेंद्र की टीम ने डिपो पर दबिश दी। डिपो संचालक रमेश कुमार की उपस्थिति में टीम ने पूरा स्टॉक तोला और रजिस्टर से मिलान किया तो यहां 51.05 किलोग्राम गेहूं, 201.68 किलो बाजरा, 10 लीटर सरसों का तेल स्टॉक से ज्यादा मात्रा में मिला। इसके बाद पुलिस को आगामी कार्रवाई के लिए मौके पर बुलाया गया। कार्रवाई अभी जारी है।

### मेडिकल शॉप का ताला तोड़कर नकदी चुराई

**फतेहाबाद।** गांव ललौदा स्थित एक मेडिकल शॉप का ताला तोड़कर एक युवक हजारों रुपये की नगदी चोरी कर ले गया। चोरी की यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ललौदा निवासी मनदीप ने कहा है कि उसकी गांव में ही मेडिकल की दुकानहै। गत दिवस वह अपनी दुकान को लॉक करके किसी काम से हिसार चला गया था। शाम को जब वह दुकान पर आया तो उसने देखा कि उसकी दुकान का ताला टूटा पड़ा था। जब उसने दुकान में जाकर सामान की जांच की तो पता चला कि अज्ञात चोर उसकी दुकान से 15 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गया है। जब उसने दुकान पर लगे कैमरे को चैक किया तो पाया कि दोपहर करीब डेढ़ बजे एक संदिग्ध युवक पेचकस की सहायता से उसकी दुकान का लॉक तोड़ता है और चोरी की वारदात को अंजाम देता है। इस पर पहले उसने आसपास चोर की तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। सदर टोहाना पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर क तलाश शुरू कर दी है।

### आरके सिंह ने नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव प्रक्रिया पर की चर्चा

# निष्पक्ष चुनाव के लिए आचार संहिता की पालना हो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष करवाने को लेकर सिरसा लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं सिरसा के उपायुक्त आरके सिंह ने जिला के चुनाव से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक ली और चुनाव तैयारियों बारे चर्चा की। रिटर्निंग अधिकारी ने भोडिया खेड़ा कॉलेज में बनाए गए मतगणना केंद्र और ईवीएम स्ट्रॉंग रूम का निरीक्षण



**सिरसा।** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के साथ बातचीत करते आरके सिंह।

किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिये कि मतगणना के दिन राउंड वाइज रिपोर्ट समय पर भेजे ताकि रिजल्ट डिकलेयर करने में देरी न हो। फतेहाबाद के लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए रिटर्निंग अधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि वे अपनी-अपनी डियूटी ईमानदारी और निष्पक्षता से करें। रिटर्निंग अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार या राजनीतिक दल को एससीएमसी से प्रमाण पत्र लेना होगा। जिला में 25 मई को लोकसभा के लिए मतदान होगा, इसलिए मतदान से पहले 24 मई व मतदान के दिन 25 मई के दिन प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार प्रस्तावित विज्ञापन का प्रमाण पत्र अवश्य लें। अन्यथा यह आदर्श आचार संहिता की अवहेलना मानी जाएगी।

### विज्ञापन की इजाजत लें

टीवी और लोकल केबल टीवी में विज्ञापन प्रसारित कराने के लिए नामांकन करते ही एमसीएमसी से प्रमाणित कराना होगा। विज्ञापन प्रमाणित कराने के लिए विज्ञापन छपवाने व प्रसारित करने की तिथि से दो दिन पहले एमसीएमसी के पास निर्धारित प्रोफार्मा में जमा कराना होगा। बैठक में एडीसी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी, एसडीएम एवं एआरओ राजेश कुमार, जगदीश चंद्र व प्रतीक हुड्डा, सीटीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन परमेश सिंह, जिप सीईओ सुरेश कुमार, डीएमसी संजय बिश्नोई, डीएसपी जयपाल सहित विभिन्न कमेटियों के नोडल अधिकारी तथा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

# सहेली



रिलेशनशिप / अनुराग मनींद्र

## बनाए रखें संवाद घुली रहेगी रिश्तों में मिठास

परिजन हों या रिश्तेदार या फिर मित्र, इन सबसे आपके रिश्ते हमेशा मधुर रहें, इसके लिए जरूरी है सबसे निरंतर बातचीत होती रहे, संवाद बना रहे। यह संवाद ही होता है, जो किसी प्रकार के मनमुटाव, गलतफहमी को दूर करता है, हमें रिश्तों की डोर से बांधकर रखता है।

मामूली कहा-सुनी के कारण पिछले कुछ दिनों से लावण्या और काव्या के बीच बातचीत बंद थी। दोनों का 'ईगो' संवाद की पहल करने से रोक रहा था। आखिरकार काव्या ने अपने अहम को किनारे रखकर लावण्या से बातचीत की पहल की। फिर क्या था, उन दोनों के मन में एक-दूसरे के प्रति जो कड़वाहट थी, खत्म हो गई। दोनों का सारा गुस्सा भाप बनकर उड़ गया। यह होता है संवाद का असर!

**हर रिश्ता अपने-आप में खूबसूरत है:** किसी से रिश्ता, परिवार और समाज द्वारा इंसान को प्राप्त सबसे बड़ी नेमतों में से एक है। जन्म के साथ ही हमारे साथ कुछ रिश्ते जुड़ जाते हैं। फिर जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं, घर-परिवार और समाज में तमाम लोग हमसे जुड़ते चले जाते हैं। हर रिश्ते का अपना महत्व है। हम पर निर्भर करता है कि हम रिश्तों के महत्व को कितना समझते हैं, इसे कैसे निभाते हैं।

**संवाद के लिए वक्त निकालें:** बहुत ज्यादा व्यस्त होने के कारण भी अकसर लोग अपने रिश्तों को उचित समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे में प्रायः संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आज की इस दौड़ती-भागती जिंदगी में हर इंसान वक्त की कमी का रोना रोता रहता है। 'वक्त की कमी' आज के दौर का सच है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि कोई इंसान इतना व्यस्त हो कि अपनों के लिए, अपने रिश्तों के लिए जरा भी समय ना निकाल सके। एक फोन-कॉल, एक छोटी-सी मुलाकात, किसी खास मौके पर उपहार, ये सब बातें रिश्तों में मिठास घोलती हैं।

**'ईगो' को रख दें एक ओर :** जब कभी भी दो लोगों के मध्य संवादहीनता की स्थिति आती है तो सवाल यही उठता है कि बातचीत की पहल कौन करे? ऐसे में 'ईगो' बीच में आ जाता है। कई खूबसूरत रिश्ते सिर्फ संवादहीनता की वजह से मुरझा जाते हैं। ध्यान रहे, हमारा 'ईगो' किसी भी सूरत में रिश्तों से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। अपने 'ईगो' को एक किनारे रखें और संवाद की पहल करें। अपनों से 'कहा-सुनी' से बचते हुए, कुछ अपनी कहें, कुछ अपनों की सुनें। इससे आपके रिश्ते हमेशा खिले रहेंगे, मधुर बने रहेंगे।

### संवाद से दूर होती है गलतफहमी

**कई बार** छोटी-मोटी तकरार या कुछ गलतफहमियों की वजह से लोग आपस में बातचीत बंद कर देते हैं। ऐसे में संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अगर यह स्थिति




लंबी खिंच जाए तो रिश्तों में दूरियां बन जाती हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि गलतफहमी की वजह से संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है या संवाद के अभाव में गलतफहमी पैदा हो जाती है। इन दोनों ही स्थितियों से अपने रिश्ते को बचाने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। दोनों में से किसी भी पक्ष की अपनी ओर से संवाद बनाए जाने की पहल होनी चाहिए। इससे गलतफहमी दूर हो जाएगी।

किसी भी कारण अगर बच्चे को पिता का सान्निध्य और संरक्षण नहीं मिलता है तो अकेली मां के लिए बच्चे की परवरिश आसान नहीं होती। सिंगल मदर के बच्चे भावनात्मक रूप से बहुत कमजोर हो जाते हैं। इनका विकास बहुत ज्यादा बाधित होता है। ऐसे बच्चों की मनोदशा समझना बहुत जरूरी है, ताकि उनकी परवरिश सही ढंग से हो।

कवर स्टोरी / नीलम अरोड़ा

## इमोशनली वीक होते हैं सिंगल मदर के बच्चे



विभिन्न शोध अध्ययनों और सर्वेक्षणों से वैश्विक स्तर पर यह बात उभर कर आई है कि दुनिया में सबसे ज्यादा भावनात्मक रूप से कमजोर सिंगल मदर यानी अकेली मां के बच्चे होते हैं। उनकी यह भावनात्मक कमजोरी उनके समूचे व्यक्तित्व में हर जगह झलकती है। मसलन, सिंगल मदर्स के बच्चों की स्कूली उपलब्धियां कमतर होती हैं। सौ में से कोई एक या दो बच्चा ही पढ़ने में औसत से बेहतर होता है। अपनी कक्षा में सबसे तेज-तर्रार होना तो ऐसी मदर्स के बच्चों के लिए स्वप्न सरीखा होता है, क्योंकि इन बच्चों का सामाजिक और भावनात्मक विकास उस स्तर का नहीं हुआ होता कि ये व्यावहारिक दुनिया की वास्तविकताओं का सहजता से सामना कर सकें। सिंगल मदर के बच्चे स्वभाव से बेहद चिड़चिड़े, कामचोर और परफॉर्मेंस के मामले में दयनीय होते हैं। इनकी दिनचर्या, शिक्षा, आवास व्यवस्था और पारिवारिक आय में हमेशा सिंगल मदर का बच्चा होना मौजूद रहता है।

### समाज की तमाम खूबियों से वंचित

समाजशास्त्री बार-बार कहते हैं कि आदमी एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए आदमी की परवरिश में सामाजिक तत्वों का बहुत महत्व होता है। जब किसी बच्चे को अपने विकास के क्रम में ये सामाजिक तत्व हासिल नहीं होते, तो वे समाज की उन तमाम खूबियों से वंचित हो जाते हैं, जो खूबियां दूसरे बच्चों को बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के हासिल होती हैं। अकेले मां-बाप के बच्चे जो ज्यादातर समय अकेले रहते हैं, उनकी भाषा उन बच्चों से भिन्न होती है, जो बच्चे अपने घर के तमाम सदस्यों के साथ रहते हैं। इनकी भाषा असभ्य, हिंसक और सीमित शब्दावलियों वाली होती है, क्योंकि ये कम से कम शब्दों को सीखते हैं और उन्हीं से काम चलाते हैं।

### हमेशा रहते हैं डरे-सहमे

अमेरिका में सिंगल मदर के किशोरों का अध्ययन करने से पता चला है कि ये हमेशा डरे-डरे रहते हैं, क्योंकि यह बचपन में बहुत लंबे समय तक अकेले रहे होते हैं। इनके अंदर समूह में किस तरह व्यवहार किया जाए, इसकी समझ नहीं होती। ये कई लोगों के बीच अचकचा जाते हैं। इन्हें घर से भाग जाना, चोरी करना और शराब पीना ना बुरा लगता है और ना ही इससे इनको किसी तरह का खतरा महसूस होता है। अकेले रहने के कारण इनके शरीर में रासायनिक परिवर्तन की भिन्नता भी देखने को मिलती है। मसलन, इनमें अकसर तनाव का हार्मोन कोर्टिसोल बढ़े हुए स्तर पर पाया जाता है। ये या तो अकसर सोते ही रहते हैं या बहुत कम सोते हैं। ये बहुत आसानी से धूम्रपान या किसी अन्य व्यसन के आदी हो जाते हैं।

### कई तरह की व्याधियों से होते हैं घिरे

अकेली मां के बच्चों की जो एक खास पहचान है, वह यह है कि वो अकसर सिरदर्द या ऐसे अस्पष्ट दर्द से पीड़ित होते हैं, जो उन्हें पता ही नहीं होता कि कहां हो रहा है, किस वजह से हो रहा है। यह ज्यादातर समय गंदे रहते हैं। सजने-संवरने का इन्हें कोई शौक नहीं होता और खाने के मामले में इनमें जरा भी सौंदर्यबोध नहीं होता। ये खाने को इस तरह से खाते हैं कि आमतौर पर किसी दूसरे को देखने में बुरा लगता है। ये अवसाद और चिंताओं से घिरे होते हैं। ये शरीर से कमजोर होते हैं और बहुत कम के चेहरे पर कभी कोई आकर्षण दिखता है। कुल मिलाकर अकेलापन सिर्फ बूढ़ों को ही लाचार नहीं बनाता बल्कि अगर यह छोटे बच्चों के जीवन में भी मौजूद होता है, तो उन्हें भी यह बचपन से कुंठित कर डालता है। इसलिए ऐसे बच्चों की परवरिश में मां को बहुत सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। ऐसे में सिंगल मदर्स के प्रति परिजन, रिश्तेदार और आस-पास के लोगों का एक सामाजिक दायित्व बनता है कि वे अकेली मां को ही नहीं, उसके बच्चे को भी अपना प्रेम-स्नेह दें, उनका भावनात्मक संबल बनें, ताकि वे अपने आपको अकेला, निसहाय ना समझें। बच्चों का विकास सही ढंग से हो।



### अकेले रहना करते हैं पसंद

**देखा यही** गया है कि अकेली मां के बच्चे स्कूलों में सहजता से टीचर की बातें समझ नहीं पाते। समझते हैं तो सीख नहीं पाते और टीचर ही नहीं बल्कि अपने सहपाठियों के साथ भी तालमेल नहीं बैठा पाते। इन्हें उनका व्यवहार अटपटा लगता है और बाकी बच्चों की नजरों में अकेली मां के ये बच्चे अबूझ किस्म के होते हैं, ये बच्चे ज्यादातर समय अकेले रहना पसंद करते हैं। अकेले रहते हुए कई तरह की असुरक्षाओं से दो-चार होते हैं। इनका शरीर तो पर्याप्त पोषण से वंचित होता ही है, इनके मन और दिमाग को भी पर्याप्त पोषण नहीं मिलता। ज्यादातर सीरियल किलर विस्तृत अध्ययन में एकल मां-बाप के बच्चे पाए गए हैं या जिन्हें बचपन में लंबे समय तक अकेले रहना पड़ा है।



बिहेवियर / शीला श्रीवास्तव

## पति के मित्रों का जरूर करें आदर-सत्कार लेकिन...

पति के मित्र भी आपके अतिथि हैं, आत्मीय हैं। वे जब घर आएं तो उनका पूरा आदर-सत्कार करें, लेकिन कुछ बातों का ध्यान भी जरूर रखें, यह रिश्तों की मर्यादा के लिए जरूरी है।

पति के मित्र पत्नी के भी आत्मीय होते हैं, क्योंकि वे दुःख की घड़ी या आपात-स्थिति में मददगार होते हैं, परिवार का संबल बनते हैं। इस मित्रता में आदर-सत्कार और स्नेह के भाव जरूर होने चाहिए, लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

**बनाए रखें शालीनता :** पति के मित्रों से बात करना गलत नहीं है, लेकिन बातचीत की भाषा कभी भी हल्की नहीं रखें, ना ही उल्टे-सीधे मजाक करें। कोई ऐसी हरकत भी ना करें, जिससे आपकी छवि बिगड़े। पति के मित्रों के साथ हमेशा शालीनता से पेश आएं। एक गरिमा बनाकर रखें, इससे उन पर आपके व्यक्तित्व का अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

**शिकायत ना करें:** अपने घर-गृहस्थी और परिवार के लोगों की शिकायत कभी भी भूलकर पति के मित्र के सामने ना करें, जैसे 'मैं आपको क्या बताऊं भाई साहब, सालों हो गए हमें मूवी देखे।', 'रेस्टोरेंट जाने को बोलो तो एक ही बात उनके जुबां पर होती है, मुझे बाहर का खाना नहीं जमता।' साथ ही पति के मित्रों से कभी अपने पति की तुलना ना करें, ना ही उनकी किसी कमजोरी का जिक्र करें, जैसे 'भाई साहब आप अपनी वाइफ का कितना ख्याल रखते हैं और एक ये हैं, इन्हें तो मेरी कोई फिक्र ही नहीं रहती। अब मैं आपसे क्या-क्या बताऊं...।' ऐसी शिकायतों से आपके पति के मित्र को ऐसा लग सकता है कि आप अपने पति से खुश नहीं हैं। जब ऐसी शिकायतें आपके पति को पता चलेंगी तो इसका गलत असर आपके दांपत्य जीवन पर पड़ सकता है।

**पति से कुछ ना छिपाएं:** यदि आपको पति के मित्र की कोई हरकत पसंद नहीं आ रही हो, अनुचित लगे तो तुरंत अपने पति को बताएं ताकि उनके सामने उस मित्र की असलियत पता चले और पति इस पर अपने ढंग से टोकें या ऐसे मित्र से एक दूरी बना लें।

**बुरे व्यसन वालों से रहें सावधान:** पति की दोस्ती कई प्रकार के लोगों से हो सकती है, जिन्हें कुछ कारणों से निभाना ही पड़ता है। इनमें कोई ऐसा मित्र भी हो सकता है, जो मद्यपान करता हो, आप ऐसे व्यसन करने वालों से दूर रहें। पार्टी आदि में मद्यपान करने वाले पति के मित्रों के नजदीक ना जाएं।

**गलत फायदा ना उठाने दें:** आपके मृदुभाषी और अपनेपन से पेश आने पर पति का कोई मित्र अन्यथा ना ले, इस बात का हमेशा ध्यान रखें। कभी-कभी रिजर्व नेचर रखना भी जरूरी होता है। ज्यादा करीब आने या अधिकार जताने वालों से सावधान रहें। पति के सभी मित्र एक समान नहीं होते, इसलिए इनके प्रति आपकी एक भले-बुरे इंसान की पारखी नजर जरूरी है।

### पति की अनुपस्थिति में ज्यादा देर ना बैठाएं

**पति की** अनुपस्थिति में उनके मित्र से बहुत अधिक समय बात ना करें या रुकने को ना कहें। घर में अन्य सदस्य हैं तो भी



थोड़े से अतिथि सत्कार के बाद उन्हें विदा कर दें। विशेषकर जब आप घर में अकेली हों तो जहां तक संभव हो, उन्हें घर के अंदर बैठाने से बचें।

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

## स्ट्रेच मार्क्स अपनाएं ये घरेलू उपाय



शरीर का वजन अचानक बढ़ने या घटने से स्किन पर स्ट्रेच मार्क्स हो जाना एक सामान्य समस्या है। महिलाओं में प्रेगनेंसी के कारण पेट, पैर और कूल्हों की चर्बी अचानक बढ़ या घट जाती है, तब भी यह समस्या देखने को मिलती है। ऐसे में आप कुछ घरेलू उपाय आजमाकर इससे निजात पा सकती हैं-

- स्किन का लचीलापन बरकरार रखने और उसे भीतर से हाइड्रेशन देने के लिए पानी समुचित मात्रा में पिएं।
- स्किन को हमेशा हाइड्रेटेड और मॉयश्चराइज्ड रखें। इससे स्किन स्मूद होती है और इसकी टोनिंग हो जाती है। पेट, लोवर बैक, जांघों, पैरों और कूल्हों की चर्बी पर भी मॉयश्चराइजिंग क्रीम या लोशन लगाएं।
- हायल्यूरोनिक एसिड जैल, स्किन हाइड्रेशन के लिए बेहद उपयोगी है। इससे रोज मालिश करना फायदेमंद है।
- दिन में दो बार तेल (ऑलिव, आल्मंड, कैस्टर, कोकोनट जो आपको पसंद हो) की मालिश करना भी अच्छा उपाय है। यह नहाने के तुरंत बाद करें तो ज्यादा फायदेमंद है।
- एलोवेरा जैल को स्किन पर लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स से राहत मिलती है।
- अंडा, प्रोटीन का अच्छा स्रोत होता है। स्किन पर अंडे का सफेद भाग लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स कम होते हैं।
- कोको बटर या शिया बटर अच्छे स्किन मॉयश्चराइजर हैं। इनसे स्ट्रेच मार्क्स पर सर्कुलर मसाज करें तो अच्छा रिजल्ट मिलता है। कोको बटर लोशन को विटामिन ई ऑयल के साथ लगाकर रोज सुबह मालिश करना अधिक फायदेमंद होगा।
- सनस्क्रीन लोशन भी लगा सकती हैं।
- हमेशा स्किन की नरिशिंग करने वाले न्यूट्रिशस फूड्स लें।

गर्मी के मौसम में यंग और मिड एज की महिलाएं अकसर डल स्किन, ड्रायनेस और टैनिंग से परेशान रहती हैं। इनसे निजात पाने के साथ ग्लो बनाए रखने के लिए आप कुछ ईजी होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

## आजमाएं होम रेमिडीज पाएं ग्लोइंग स्किन





ब्यूटी सजेशन

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में धूप के संपर्क और घर से बाहर धूल-प्रदूषण में रहने से स्किन ड्राय, बेजान और टैन हो सकती है। गर्मी में धूप और पसीने से स्किन ग्लो कम होने लगता है। इस स्थिति में केमिकल ट्रीटमेंट करवाने से कुछ इंस्टेंट फायदा तो मिल सकता है, लेकिन लंबे समय में नुकसान झेलना पड़ता है। जबकि घरेलू उपायों को आजमाने से मनचाहा रिजल्ट पाने में थोड़ा समय जरूर लगता है लेकिन इससे स्किन पर नेचुरल ग्लो आता है, वो भी किसी साइड इफेक्ट और ज्यादा पैसे खर्च किए बिना। आप इन होम रेमिडील से मनचाही ग्लोइंग स्किन प्राप्त कर सकती हैं।



- गर्मी में स्किन पर आइस क्यूब लगाना फायदेमंद होता है। इससे स्किन में अच्छी तरह से ब्लड सर्कुलेशन होता है। अगर आप किसी पार्टी या फंक्शन में जाने वाली हैं तो मेकअप से कुछ समय पहले अपने चेहरे पर आइस क्यूब से मसाज करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा। स्किन पर आइस क्यूब की मालिश करते समय इसमें अगर मॉयश्चराइज़र की कुछ बूंदें डाल लें तो लंबे समय तक ग्लो बना रहेगा।
- एक-दो गेंदे के फूलों को पीसकर उसमें दही, चंदन का पावडर मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाकर रखें। इससे चेहरे को ठंडक मिलेगी। पिंपल्स और रैशेज दूर होंगे। यह एस्ट्रिंजेंट की तरह काम करेगा और चेहरे को ऑयल फ्री रखेगा। स्किन के पोर्स भी बंद होंगे।
- शहद और दही में कुछ बूंदें रेड वाइन की मिलाएं। इसे फेस पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर सादे पाने से धो लें। यह स्किन को सॉफ्ट बनाएगा और उसे पूरी तरह मॉयश्चराइज भी करेगा। इससे टैनिंग दूर होगी।



- गुनगुने दूध में थोड़ा सा चोकर कुछ देर के लिए भिगो दें। अब नहाने से पहले चेहरे, गर्दन और पीठ पर इसे लगाएं। सूखने पर साफ पानी से धो लें। ऐसा रेग्युलर करने से कॉम्प्लेक्शन निखरेगा।
- ताजे-कच्चे एवोकैडो के पल्प में एलोवेरा जैल मिलाकर पैक बनाएं। चेहरे पर इसे लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। एवोकैडो में कई विटामिंस, मिनरल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। इससे स्किन के एजिंग साइन भी दूर होते हैं।
- मुल्तानी मिट्टी में कई मिनरल होते हैं। इसका मास्क लगाने से स्किन के ऑयल ग्लैंड्स कंट्रोल होते हैं। इससे चेहरा ड्राय और डल नहीं दिखता।
- अगर आपकी स्किन ऑयली है तो 1 बड़ा चम्मच मूंग दाल को पानी में कुछ देर भिगोकर रखें फिर उसका पेस्ट बना लें। इसमें मैश किया हुआ टमाटर मिलाएं। चेहरे पर लगाकर इसे हल्के हाथ से चेहरे की मसाज करें। 20 मिनट के बाद चेहरा धो लें।
- खीरे और पके पपीते को मैश कर इसमें दही मिलाएं। अब इसमें नीबू का रस डालें। इस पेस्ट को लगाकर आधे घंटे बाद चेहरा धो लें।
- ड्राई स्किन के लिए रेड वाइन, एलोवेरा जैल और मिल्क पावडर से तैयार पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगा कर रखें। फिर पानी से साफ कर लें। इससे चेहरा खिल उठेगा।

मेकअप / साधना शर्मा, ब्यूटीशियन



मैरिज फंक्शन को अगर छोड़ दें तो आमतौर पर लाइट मेकअप ही अच्छा लगता है। इसकी वजह है कि इसमें आपका नेचुरल लुक निखर उठता है। कैसे करें घर पर लाइट मेकअप, स्टेप बाई स्टेप जानिए।

## लाइट मेकअप से दें चेहरे को नेचुरल लुक

चेहरे पर खूबसूरती तभी-झलकती है, जब आपका चेहरा नेचुरल नजर आ रहा हो। कहने का मतलब है, मेकअप ऐसा होना चाहिए कि पता भी नहीं चले कि आपने मेकअप कर रखा है। मेकअप के साथ आपका फेस ग्लोइंग और नेचुरल नजर आना चाहिए। यहां बताए जा रहे स्टेप्स को फॉलो कर आप घर पर ही लाइट मेकअप कर सकती हैं।



**फेस क्लीनिंग:** सबसे पहले फेस क्लीनिंग जरूरी है। चेहरे पर चमक लाने के लिए मेकअप करने के दो घंटे पहले एलोवेरा जैल लगा लें। इससे जब आप मेकअप करेंगी तो आपके मेकअप पर एक अलग सी चमक नजर आएगी। इसके बाद अपना चेहरा फेस वॉश से धो लें और फिर एक अच्छे मॉयश्चराइजर को फेस पर इस्तेमाल करें।

**प्राइमर:** किसी भी प्रकार का मेकअप करने से पहले जरूरी होता है कि मॉयश्चराइजेशन के बाद प्राइमर लगाएं, जिससे चेहरे की त्वचा एक सार नजर आती है। इस तरह आपका बेस तैयार हो जाएगा। ऐसा करने से आपका मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहेगा।

**फाउंडेशन:** जब आप प्राइमर को पूरे चेहरे पर लगा लेती हैं तो उसके बाद नंबर आता है फाउंडेशन लगाने का। फाउंडेशन को सही तरीके से लगाना जरूरी है, नहीं तो जगह-जगह पर पैच नजर आने लगता है। फाउंडेशन हमेशा अपनी स्किन से एक टोन लाइटर लेना चाहिए। बहुत ज्यादा फाउंडेशन अपने फेस पर नहीं लगाएं।

**बलशर-हाइलाइटर:** फाउंडेशन को लगाने के बाद आप ब्लशर का इस्तेमाल करें। इसे लगाने से पहले ध्यान रखें कि इसमें बहुत ही हल्के रंगों का इस्तेमाल होना चाहिए। जैसे कि पीच और पिंक कलर के ब्लशर लाइट मेकअप के लिए बेस्ट होते हैं। अगर आपका मन हाइलाइटर लगाने का है तो उसे भी आपको बिल्कुल लाइट शेड में ही लगाना चाहिए, इससे आपका लुक पूरी तरह नेचुरल नजर आएगा।

**लिपस्टिक:** मेकअप में सबसे ज्यादा अट्रैक्शन होता है लिपस्टिक का। लिपस्टिक को आप अपने हिसाब से चुन सकती हैं, क्योंकि अपनी स्किन टोन के हिसाब से आपको पता होगा कि आप पर किस कलर की लिपस्टिक जंचती है? लेकिन अगर आपको नेचुरल लुक चाहिए तो आप बहुत ज्यादा ब्राइट शेड के बजाय लाइट कलर लिपस्टिक का ही इस्तेमाल करें। इससे आपका नेचुरल लुक कंप्लीट हो जाएगा।

प्रस्तुतिः मानसी

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



### नेहा व गायत्री ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**फतेहाबाद।** भाजपा महिला मोर्चा की बैठक का आयोजन जिला प्रधान नेहा मित्तल की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। बैठक में प्रदेश महामंत्री गायत्री देवी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रही। बैठक में पहुंचने पर जिला प्रधान नेहा मित्तल ने उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री गायत्री देवी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में महिला मोर्चा की प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल पर मेहनत करनी होगी तथा पार्टी संगठन को मजबूत करना होगा।

### भारतीय मजदूर संघ के जिला प्रधान बने सतबीर




**फतेहाबाद।** भारतीय मजदूर संघ का जिला अधिवेशन आज आयोजित किया गया। अधिवेशन की अध्यक्षता सतबीर शर्मा ने की व पर्यवेक्षक के तौर पर सुभाष वर्मा, विभाग अध्यक्ष व नरेश बारू प्रदेश उपाध्यक्ष ने भाग लिया बैठक में भारतीय मजदूर संघ के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सुभाष वर्मा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ सदा ही सरकार व कर्मचारियों के बीच कड़ी का काम करते हुए कर्मचारियों के हितों की रक्षा करता आया है और आगे भी करता रहेगा।

### पेंशनर्स ने बढ़ रही गुंडागर्दी पर जताई चिंता

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में बाल भवन फतेहाबाद में सम्पन्न हुई। सचिव मदन गोपाल ने बताया कि बैठक में प्रधान हरबंस लाल सेठी सहित अन्य सदस्यों राजेन्द्र ललित, रामअवतार भट्टूकलां, रिशीराज शर्मा आदि ने हरियाणा सरकार द्वारा पैंशनर्ज की मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। इन मांगों में पेंशन में वृद्धि, विकलांग पैंशनर्ज को भत्ता देना, कैशलैस मेडिकल स्कीम लागू करना, इत्यादि शामिल हैं।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में मनाया बैसाखी पर्व



**फतेहाबाद।** सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों को फसल उत्सव की सांस्कृतिक विरासत से अवगत करवाने के लिए रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। फसलों के मौसम को दर्शाने के लिए स्कूल के प्रांगण को खूबसूरती से सजाया गया।बच्चों ने पारंपरिक पंजाबी परिधानों और गहनों से सज कर भंगड़ा गिद्दा व एकल नृत्य से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

#### किडनी स्वास्थ्य जागरुकता समारोह का आयोजन

# डबवाली में 24 किडनी डोनर्स को ट्रस्ट ने किया सम्मानित

### 75 प्रतिशत महिलाओं ने अपने सगे-संबंधियों को अंगदान कर जीवन में रिश्तों की अहमियत को किया साबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

डॉ. विक्रम मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किडनी डोनर सम्मान एवं किडनी स्वास्थ्य जागरूकता समारोह का आयोजन कॉलोनी रोड पर स्थित बीएसके कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वूमेन में किया गया। समारोह में मुख्य वक्ता किडनी रोग विशेषज्ञ रोटेरियन डॉक्टर संदीप चौहान, विशिष्ट अतिथि डा. किरण कुमार, डॉ विक्त्रम मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधि डॉक्टर पीके अग्रवाल, कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान एडवोकेट सुभाष गुप्ता व प्रिंसिपल पूनम गुप्ता ने ज्योति प्रज्जवलित कर कार्यक्त्रम का शुभारंभ किया। नरेश शर्मा ने सुंदर भजन सुनाकर माहौल को सकारात्मक रंग दिया।

इस मौके पर संबोधन में मुख्य वक्ता डा. संदीप चौहान ने बहुत ही सरल भाषा में किडनी रोगों के कारण एवं बचाव उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि किडनी फेलियर को रोकने के लिए हमें हाई ब्लड प्रेशर, शुगर रोग एवं गुर्दे की पथरी का समय पर इलाज करवाना चाहिए। उन्होंने किडनी को स्वस्थ रखने के लिए खान-पान से संबंधित जानकारी भी साझा की व ऑर्गन डोनेशन के बारे में भी अहम जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपना शरीर छो?ते हुए भी शरीर के विभिन्न अंगों को दान कर हम नौ लोगों की जिंदगी रोशन कर सकते हैं। गेस्ट ऑफ ओनर डॉ. किरण अरोड़ा ने भी अंगदान के बारे में अहम जानकारी देते हुए बताया कि अंगदान के लिए हम कैसे अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं?




सिरसा। किडनी डोनर को सम्मानित करते हुए संस्था के प्रतिनिधि।

### प्रियंका ने अपनी सास को आधा लीवर दान किया

डॉ विक्रम मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधि डॉ. पीके अग्रवाल ने बताया कि समारोह में 24 ऑर्गन डोनर्स को ट्रस्ट की ओर से सम्मानित किया। उन्होंने बताया डबवाली की बेटी प्रियंका ने अपनी सास को अपना आधा लीवर डोनेट कर सास बहू के रिश्ते को एक नया आयाम दिया है। प्रियंका ने साबित किया कि सास बहू का रिश्ता मां बेटी के रिश्ते से भी बढ़कर हो सकता है। वहीं, रमनदीप ने अपने पति को अपनी एक किडनी डोनेट कर उसकी जान बचाई और पति पत्नी के रिश्ते को भावनात्मक मजबूती देते हुए यह साबित किया कि पत्नी को पति की अधार्ंगिनी क्यों कहा जाता है। इसी प्रकार अन्य ऑर्गन डोनर्स ने भी अपने प्रियजनों के लिए किडनी डोनेट कर उनकी जान बचाई है। डॉ. पीके अग्रवाल ने बताया कि अंगदान डोनर्स में 75 प्रतिशत महिलाओं ने अपने सगे संबंधियों को किडनी डोनेट कर जीवन में रिश्तों की अहमियत को साबित किया। उन्होंने आह्वान किया कि हम सबको ऑर्गन डोनेशन के लिए नोटो के तहत रजिस्ट्रेशन करवा कर विकसित देश की तरह अंग प्रत्यारोपण की मुहिम को आगे ब?ाना चाहिए। डा. अग्रवाल ने लघु कविता के माध्यम से भी अंगदान पर प्रकाश डाला। समारोह में नगरपरिषद चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा संदीप चौधरी, सुप्रसिद्ध रंग कर्मी संजीव शाद, सरबजीत मसीतां, डॉ गुलाटी, डॉ दिलीप गुप्ता, संदीप गर्ग, अग्रवाल सभा के प्रधान सतीश गर्ग केपी, डॉ शोभाराम, डा कंवर सिंह, परविंद्र अरो?ा, डॉ वरुण जिंदल, कॉलेज प्रबंधक समिति के सदस्य अरुण जिंदल व बड़ी संख्या में शहर के अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मतदान के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ को वोट डालने की शपथ दिलवाई

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलीमोहम्मद के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों व बच्चों द्वारा एसएमसी सदस्यों के सहयोग से लोगों को घर-घर जाकर जागरूक किया गया। सभी को स्वतंत्र, निष्पक्ष व प्रलोभन से दूर रहकर लोकतांत्रिक तरीके से वोट डालने की शपथ दिलवाई गई। गांव की प्रत्येक गली में जाकर सारे काम छोड़ दो, 25 मई को वोट दो, सिरसा का अभियान 100 प्रतिशत मतदान के नारे बुलंद किए। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने कहा कि आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव में हम सभी अपने मत का प्रयोग करके 100 प्रतिशत मतदान मुहिम को सफल बनाएं।

उन्होंने विद्यार्थियों को लोकतंत्र में वोट के महत्व, 26 अप्रेल तक नया वोट बनवाने और 25 मई को अपने पड़ोसियों, अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रवक्ता दीवान सिंह, संदीप कुमार, कुलदीप सिंह, सेवक दास, अनूप कुमार, बृजलाल, सरला देवी, शिप्रा, अंजू, करिश्मा, मनदीप आदि स्टाफ सदस्य व एसएमसी सदस्य रूलीराम, नेकीराम, सतपाल, छबीलदास व कालू दास मौजूद रहे।



सिरसा। प्रधानाचार्य विद्यार्थियों व स्टाफ को वोट डालने की शपथ दिलवाते हुए।

# ब्राह्मण सभा ने देवकुमार शर्मा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन का सम्मान

ब्राह्मण सभा सिरसा द्वारा गीता भवन मंदिर में हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। सभा के पदाधिकारियों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। सभा के प्रधान प्रो. दयानंद शर्मा ने कहा कि पार्टी के प्रति किए गए समर्पित भाव से कायार्ें को देखते हुए ही सरकार की ओर से उन्हें हरियाणा बीज विकास निगम का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। ब्राह्मण समाज से चेयरमैन बनाकर सरकार ने समाज को गौरवान्वित करने का काम किया है। प्रो. शर्मा ने कहा कि देव कुमार शर्मा ब्राह्मण समाज के लोगों की हर क्षेत्र में भागीदारी हो, इसके लिए समाज को साथ लेकर आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर सचिव रितेश जोशी, रोशनलाल वशिष्ठ, बंसीधर उपप्रधान, सुधीर सारस्वत, राजकुमार चोटिया, रोहित शर्मा युवा प्रधान, सुरेश गौतम, विजय पिपलवा, कृष्ण मोहन, रिटायर्ड डीएसपी जगदीश जोशी, धर्मपाल जोशी, योगेश शर्मा चोपटा उपस्थित थे।

### सतीश बने होलसेल शू एसोसिएशन के प्रधान

**सिरसा।** होलसेल शू एसोसिएशन सिरसा के चुनाव सोमवार को एक निजी प्रतिष्ठान में हुए जिसमें पूर्व प्रधान सतीश गोयल को ही सर्वसम्मति से संस्था का अगले 3 सालों के लिए प्रधान चुना गया। विनोद बंसल को महासचिव, संजय को उपप्रधान, नवीन जिंदल को कोषाध्यक्ष, अरूण बंसल को मीडिया प्रभारी व दीपक गोयल को सचिव पद के चुना गया। इस अवसर पर संस्था ने 70 वर्षीय शूज व्यापारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विनोद बंसल, राजकुमार मेहता, दीपक गोयल, अरूण बंसल, अंकित गोयल, संजय कोसली, उमेश गोयल, हार्दिक जसूजा, देवेंद्र सेठी, सतीश गोयल, विनोद बंसल, दीपक गोयल, संजय, आदि मौजूद रहे।

# डॉ. पंकज बने डेंटल एसो. के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इंडियन डेंटल एसोसिएशन से जुड़े चिकित्सकों की एक बैठक सोमवार को डबवाली रोड स्थित सिरसा क्लब में हुई जिसमें जिलेभर के डेंटल चिकित्सक उपस्थित रहे। इस मौके पर सर्वसम्मति से डॉ. पंकज गुप्ता को इंडियन डेंटल एसोसिएशन सिरसा हरियाणा शाखा का अध्यक्ष चुना गया।

डॉ. पंकज गुप्ता ने कार्यकारिणी में डॉ. चीनू गोयल मित्तल को सचिव और डॉ. अमरबीर सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। डॉ. पंकज गुप्ता ने अपनी नियुक्ति पर सभी का आभार जताते हुए कहा कि इंडियन डेंटल एसोसिएशन सिरसा हरियाणा शाखा दंत स्वच्छता के प्रति सामाजिक जागरूकता का काम करती रही है और जनता की जागरूकता के लिए समय-समय पर दंत जांच शिविर आयोजित करती रहती है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि दंत सर्जन के ज्ञान को बढ़ाने करने के लिए शाखा द्वारा समय-समय पर सीडीई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस मौके पर डॉ. विनोद मेहता, डॉ. सुशील सिंगला, डॉ. विग्नेश, डॉ. सनी मित्तल, डॉ. अंकित अरोड़ा, डॉ. आरपी मोंगा, डॉ. प्रियंका मेहता, डॉ. शम्मी जिंदल, डॉ. आशा जिंदल, डॉ. रुचिका ग्रोवर सहित जिलेभर के दंत चिकित्सक उपस्थित थे।



सिरसा। इंडियन डेंटल एसोसिएशन सिरसा के पदाधिकारी

### विवाहिता की शिकायत पर प्रताड़ना का केस दर्ज

**सिरसा।** महिला थाना सिरसा पुलिस ने कंगनपुर रोड निवासी जयपाल की विवाहिता पुत्री श्वेता की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

श्वेता ने अपनी शिकायत में बताया कि एक नवंबर 2021 को उसका विवाह आशीष पुत्र सुखदेव सिंह निवासी श्रीगंगानगर के साथ स पन्न हुआ था। उसकी शादी पर परिजनों ने करीब 25 लाख रुपये खर्च किए। दहेज में 20 तौले सोने के आभूषण, इलेक्ट्रोनिक सामान, बिस्तरे, बर्तन, घरेलू सामान व नगद राशि दी। उसने बताया कि विवाह के बाद ससुरालजनों द्वारा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज में 5 लाख रुपये नगद और बलेनो गाड़ी की मांग की गई।

# पेंटिंग स्पर्धा के विजेता सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी विद्यापीठ स्थित जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय में विश्व कला दिवस के उपलक्ष्य में जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट क्लब के सहयोग से सोमवार को पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मुख्यातिथि जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा थे। डॉ. ढींडसा ने कहा कि विश्व कला दिवस का पहला आयोजन 15 अप्रेल 2012 को हुआ था जिसका मुख्य उद्देश्य कला के महत्व को बढ़ावा देना और समाज में कला के प्रति जागरूकता बढ़ाना। विश्व कला दिवस समाज में कला के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस दिन कला के महत्व की जानकारी दी जाती है तथा कला के प्रभाव को समझाया जाता है और लोगों को कला के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। इससे समाज में कला के प्रति समझ और समर्थन बढ़ता है, जो सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देता है।



सिरसा। प्रतियोगिता की विजेता मुख्य अतिथि के साथ।

# पांच दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम 20 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्रीराम नाम प्रभात फेरी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पांच दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 20 से 24 अप्रेल तक श्री सालासर धाम मंदिर सिरसा में किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जलराम ने बताया कि पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 20 अप्रेल को सिरसा नगर में बालाजी महाराज की अद्भुत व भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। श्री बाबा तारा कुटिया के मुख्य सेवक गोविंद कांडा शोभायात्रा की पावन ज्योत प्रज्जवलित करेंगे। शोभायात्रा बेगू रोड स्थित अग्रसेन स्कूल से दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर रवाना होगी जोकि विभिन्न बाजारों से होती हुई सायं को श्री सालासर धाम मंदिर में पहुंचकर संपन्न होगी। इस मौके पर भव्य झांकियां निकाली जाएगी, भव्य आतिशबाजी की जाएगी व पुष्प वर्षा होगी।

बालाजी का भव्य रथ दर्शनीय होगा। मंदिर प्रबंधक संजय शर्मा ने बताया कि 21 अप्रेल शाम 6 बजे बालाजी की भव्य श्रृंगार आरती होगी, जबकि सवा 6 बजे संगीतमयी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

# बीईओ ने स्कूल संचालकों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

ओढ़ा के खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार की अध्यक्षता में खंड के सभी प्राइवेट विद्यालयों के मुखिओं की बैठक खंड कार्यालय में बुलाई गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में कनीना में घटी दर्दनाक घटना के परिप्रेक्ष्य में सभी विद्यालयों में भवन व सभी परिवहन वाहनों के सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना था। इस बैठक में खंड ओढ़ा के सभी अराजकीय विद्यालयों ने भाग लिया। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी विनोद श्योराण ने विद्यालयों को सभी विभागीय मानकों को पूर्ण रूप से पूरा करने के निर्देश दिये और कहा कि यदि किसी विद्यालय ने मानकों को पूरा नहीं तो उस विद्यालय के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इसी कड़ी में प्रशासनिक सारे परिवहन साधनों की यातायात पुलिस के सहयोग से खंड स्तर पर जांच करवाई जाएगी ताकि किसी भी प्रकार दुखद घटना से बचा जा सके। इस अवसर पर सभी विद्यालयों से सभी सुरक्षा मानकों का पालन करने से संबंधित प्रमाण पत्र लिया गया। सभी मुखियाओ ने सभी मानकों का पालन करने व विभागीय आदेशों की पालना करने का भी वचन दिया।



सिरसा। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्राइवेट स्कूल संचालकों की बैठक लेते हुए विनोद कुमार।

# बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता घर से कर सकेंगे वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने बताया कि भारत चुनाव आयोग द्वारा 18वें लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई। बीएलओ अपने एरिया में यह सुनिश्चित करे की इन वगोंर् की कितने मतदाता ऐसे हैं जो घर से मतदान करने के इच्छुक हैं। भारत चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित वर्ग के जो मतदाता घर से मतदान करने का आवेदन करते हैं उनका घर से ही मतदान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा युवाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूक किया जाए। 26 अप्रैल तक एक अप्रैल को 18 वर्ष पूरी कर चुके युवा अपना वोट बनवाकर आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव में मतदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वर्तमान में वोट ट्रांसफर के लिए आवेदन किया जा सकता है, जिन मतदाताओं को अपने वोट अन्य स्थान पर ट्रांसफर करवाना है वह भी इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट, एप के माध्यम से या फिर इलेक्शन कार्यालय में ऑफलाइन मोड से निर्धारित फॉर्म भरकर जमा करवा सकते हैं।

#### गांव दरियापुर में 'डॉक्टर आंबेडकर, एक नाम नहीं, एक विचार' पर कार्यक्रम

# नेताओं की भीड़ में नहीं, अपने वजूद से आगे बढ़ें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- समाज से जुड़े गंभीर मुद्दों व ग्रामीण विकास पर मंथन किया

गांव दरियापुर स्थित चौपाल में संविधान निर्माता 'डॉक्टर अंबेडकर एक नाम नहीं, एक विचार' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह बतौर मुख्यतिथि पहुंचे, जबकि अध्यक्षता गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कंबोज ने की। पंचायत मेंबर रामचन्द्र, देव कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक अनिल मेघवाल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान युवाओं ने समाज से जुड़े गंभीर मुद्दों व ग्रामीण विकास पर मंथन करते हुए समाजनीति पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह ने कहा कि राजनीतिक लीक से हटकर, युवाओं का समाजनीति पर चलने के लिए संगठित होना, समाज में बड़े बदलाव का संकेत है। जिला परिषद, विधानसभा से लेकर सांसद बनाने तक के चुनाव में युवाओं को राजनेता केवल मात्र अपनी भीड़ के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं।



फतेहाबाद। गांव दरियापुर में आयोजित कार्यक्रम में जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह को सम्मानित करते युवा।

### युवाओं से संगठित होकर अपना वजूद कायम करने का आह्वान

इन युवाओं की मूलभूत समस्याओं, रोजगार, शिक्षा जैसे विषयों पर कभी ठोस निर्णय नहीं लिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि अब युवाओं को अपनी ताकत की पहचान करते हुए राजनेताओं की भीड़ बनकर नहीं, अपनी मेहनत के सहारे अपने वजूद से आगे बढ़ना होगा। यदि युवा संगठित होकर अपने वजूद के सहारे समाज की बात इन राजनेताओं के समक्ष रखेंगे। इनसे समाज से जुड़े मुद्दों, समस्याओं और विकास की खामियों पर सवाल करेंगे तो युवाओं के सहारे सत्ता सुख भोगने वाले नेताओं को भी जमीनी स्तर पर सामाजिक विकास के प्रति गंभीर होना ही होगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर जी ने का एक ही नारा था शिक्षित बनो, संगठित रहो। उनके इस नारे को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाकर सभी युवाओं को समाज में हर बच्चे को शिक्षा की राह पर लाने का काम करना चाहिए। नेक राह में दिक्कतें आएंगी, पर इसके लिए संगठित होकर आगे बढ़ने से हर बड़ी से बड़ी बाधा भी पार हो जाएगी। इस अवसर पर अनिल मेघवाल, रमेश कंबोज, रोबिन कंबोज, संदीप मेघवाल, डिंपल, रिंकू वाल्मीकि, विकास, नवीन, विक्की, गुलशन, साहित बड़ी संख्या में गांव के युवा व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 20 को मनाई जाएगी भगत धन्ना जयंती

**सिरसा।** आगामी 20 अप्रेल को भगत धन्ना की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। शिरोमणि भगत धन्ना जागृति मंच के अध्यक्ष अमरीक सिंह राही ने बताया कि इस कार्यक्रम में शिरोमणि भगत धन्ना के बारे में विस्तार से बताने के लिए बुद्धिजीवी वर्ग से वक्ता पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि गत वर्ष प्रदेश की सरकार ने भी शिरोमणि भगत धन्ना की जयंती प्रदेश स्तर पर मनाई थी जिसके लिए धन्नाजी के सभी भगत आभार प्रकट करते है। जिले में धन्नाजी के नाम पर धार्मिक स्थल बनाया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र घणघस ने बताया कि धन्ना भगत एक रहस्यवादी कवि और एक वैष्णव भक्त थे, जिनके तीन भजन आदि ग्रंथ में मौजूद हैं।

**सूचना**

मैं, भारती देवी पत्नी सुंदर लाल निवासी गांव काजलहेड़ी पोस्ट ऑफिस बड़ोपल तहसील व जिला फतेहाबाद बयान करती हूं कि भारती देवी और भारती दोनों मेरे ही नाम है यानि एक ही महिला के नाम है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पुकारा जाता है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं मधु रानी पत्नी संजय कुमार निवासी डी सी कालोनी फतेहाबाद ब्यान करती हूं कि मेरे ससुर शंकर लाल पुत्र घनशाम निवासी फतेहाबाद का देहान्त दिनांक 05-10-2008 को हो गया है। मेरे ससुर शंकर लाल पुत्र श्री घनशाम के नाम एक जगह जो कि डी सी कालोनी परशु राम मन्दिर फतेहाबाद में स्थित है जिसका नगरपरिषद रिकार्ड न० एमसीएफ/बी08/1541 है जो कि मेरे ससुर के निम्न वारिस है 1- आशा रानी (पुत्री) 2- सीमा रानी (पुत्री) 3.सजंय कुमार (पुत्र) इन तीनों के अलावा और कोई वारिस ना है। इस बाबत अगर किसी को कोई ऐतराज है तो वह 30 दिन में नगरपरिषद फतेहाबाद में संपर्क कर सकता है।

## खबर संक्षेप



### डबवाली में आग से दुकान में हजारों का नुकसान

**डबवाली।** शहर के जीटी रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज की साईड पर बनी एक मैकेनिक व वैल्डिंग की दुकान पर आज लगी आग में हजारों का नुकसान हो गया। आग की वजह से दुकान में खड़ा एक मोटरसाइकिल भी जल गया। बताया जाता है कि यहां सतजिंदर सिंह की दुकान में अचानक आग लग गई। आग वहां खड़े एक बाइक के जलने से तेजी से फैल गई और काफी सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की वास्तविक वजह तो पता नहीं चली लेकिन दुकान संचालक के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। आसपास के दुकानदारों की मांग है कि सरकार को मदद करके दुकानदार की नुक्सान की भरपाई करनी चाहिए।

### मंडी मजदूरी यूनियन के सौंपा ज्ञापन

**रतिया।** अनाज मंडी मजदूर यूनियन के सदस्यो ने आज भाजपा के जिला प्रधान बलदेव सिंह व व्यापार मंडल के प्रधान रूप गर्ग को एक ज्ञापन देकर मजदूरों की समस्याओं को हल करवाने की मांग की। मजदूर यूनियन के प्रधान जिले सिंह, कृष्ण कुमार व अन्य मजदूरों ने ज्ञापन देते हुए बताया कि अनाज मंडी में मजदूरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि मजदूरों को लोडिंग के लिए मात्र 3 रुपए प्रति क्विंटल दिए जाते हैं जोकि मजदूरी बहुत कम है इसलिए मजदूरों की मजदूरी 5 रुपए मजदूरी की जाए। साथ ही मंडी में मजदूरों को पीने के पानी व शौचालय की भी उचित व्यवस्था करवाई जाए। जिला प्रधान बलदेव सिंह व व्यापार मंडल के प्रधान रूप गर्ग ने मजदूरी को उनकी समस्याओं को जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रधान रूप गर्ग राजू लाली सुखदीप ग्रेवाल उपप्रधान अनिल कंबोज, कैशियर गगन जिंदल, विपिन गोयल, मुनीश जिंदल, राधेश्याम बिश्नोई आदि मौजूद थे।

### फतेहाबाद में डोडा पोस्त सहित दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने बाईक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना शहर फतेहाबाद के अंतर्गत आने वाली हुडा पुलिस चौकी की टीम चौकी इंचार्ज एसआई महावीर के नेतृत्व में गश्त पर थी। टीम जब मिनी बाईपास भट्टू रोड टी प्वाइंट, स्वामी नगर के पास पहुंची तो स्वामी नगर की तरफ से मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए। उक्त युवक सामने पुलिस टीम को देखकर घबरा गए और मोटरसाइकिल को वापस मोड़ने की कोशिश करने लगे। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने दोनों युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ में इन युवकों ने अपना नाम सुनील कुमार व लक्खुराम निवासी रसूलपुर जिला सिरसा बताया। पुलिस ने जब इनकी तलाशी ली तो इनके पास से 1 किलो 38 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### फतेहाबाद जिले से मां-बेटे सहित चार लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से मां-बेटे सहित चार लोगों के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। पहले मामले में भूना पुलिस को दी शिकायत में गांव सनियाना निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 19 वर्षीय चचेरी बहन गत दिवस सुबह बिना बताए घर से कहीं चली गई है और वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में शहर टोहाना पुलिस ने राजनगर टोहाना निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 20 वर्षीय लड़की लापता हो गई।

### व्यापारियों को बारदाना उपलब्ध करवा रहा प्रशासन, तेजी आने की संभावना

# जाखल मंडी में खरीद शुरू, पहले दिन वेयर हाउस एजेंसी ने उपज खरीदी

प्रशासन से बारदाना व अन्य संसाधनों की जो मांग की थी वह प्रशासन ने पहले ही पुख्ता प्रबंध कर दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल



**जाखल।** गेहूं खरीद का शुभारंभ करते खरीद एजेंसी के अधिकारी।

गेहूं का सीजन शुरू हो चुका है और गेहूं की फसल लगातार जाखल मंडी में पहुंचना शुरू हो गई है जिसके चलते जाखल मंडी में भी आज मार्केट कमेटी सचिव की अध्यक्षता में वेयरहाउस एजेंसी के द्वारा फसल की खरीद की शुरुआत की गई। इस मौके पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सहित अन्य व्यापारी भी मौजूद रहे। जानकारी देते हुए आढ़ती एसोसिएशन प्रधान अमरीक ग्रेवाल ने बताया कि गेहूं की फसल मंडी में पहुंचने लगी है और आज फसल की खरीद वेयरहाउस एजेंसी के द्वारा की गई है। वहीं हमने जो प्रशासन से बारदाना व अन्य संसाधनों की जो मांग की थी वह प्रशासन ने पहले ही पुख्ता प्रबंध कर दिए गए हैं। आज फसल के खरीद भी अच्छे तरीके से हो रही है। और मौके पर प्रशासन के द्वारा व्यापारियों को वारदाना भी उपलब्ध हो रहा है। इस मौके पर शंकर लाल, ऋषभ जैन, तारा चंद दविंदर कुमार, किरण, शंकर लाल, गुलशन, रिंकू, रामा, सतीश व सुभाष सहित अन्य व्यापारी भी मौजूद रहे। बता दे की गेहूं की खरीद को लेकर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को हरियाणा वेयरहाउस के द्वारा खरीद की जाएगी। वही मंगलवार, वीरवार व शनिवार छठे दिन हेफड एजेंसी के द्वारा खरीद होगी। इसके साथ ही गांव शक्कर पूरा खरीद सेंटर में वेयरहाउस के द्वारा खरीद की जायेगी। गांव म्योंद व चांदपुरा सेंटर में हैफेड के द्वारा खरीद की जायेगी।

#### व्यापारियों को हर सुविधा देंगे

*जब इस बारे में हरियाणा वेयरहाउस प्रबंधक संदीप चौहान से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया की वेयरहाउस एजेंसी के द्वारा जाखल मंडी में गेहूं की फसल की खरीद शुरू की गई है। गेहूं में गुणवत्ता के अनुसार पहुंचने वाले हर गेहूं की फसल को खरीदा जा रहा है। वही मौके पर व्यापारियों को भी मौसम के अनुसार सभी संसाधन अन्य सामान उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए हैं।*

#### ये बोले अधिकारी

*जाखल मंडी में अभी गेहूं की फसल आने लगी है, उसी के तहत आज फसल की खरीद शुरू करवाई है। पहले दिन वेयरहाउस एजेंसी के द्वारा खरीद की गई है और अन्य सेंट्रो में भी हर प्रकार के पुख्ता प्रबंध व खरीद के कार्य किए जा रहे है। और वहीं व्यापारियों के मांग के अनुसार बारदाना भी पूरा पहले ही प्रबंध करके दिया जा रहा है। किसानों से भी अपील है कि वह अपना गेहूं को सुखाकर मंडी में गेट पास कटवा कर जरूर लाएं।*



**रतिया।** गेहूं खरीद कार्य का निरीक्षण करते हुए व्यापार मंडल के प्रधान।

## रतिया में व्यापार मंडल प्रधान गर्ग ने गेहूं खरीद कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

अनाज मंडी में आज सीजन के दौरान गेहूं खरीद कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रधान रूप गर्ग ने गेहूं खरीद कार्य का शुभारंभ करवाया। भाजपा के जिला प्रधान बलदेव ग्रोहा ने गेहूं खरीद कार्य का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर प्रधान रूप गर्ग, राजू लाली, सुखदीप ग्रेवाल, प्रिंस गर्ग, उपप्रधान अनिल कंबोज, कैशियर गगन जिंदल, विपिन गोयल, सचिव खेमचंद मोंगा, प्रबंधक प्रवीण मित्तल, अशोक कुमार, सोनू जिंदल, विजय जिंदल, निर्मल जैन, संजय मोदी, डिपी गर्ग, बिट्टू मित्तल, हरीश कुमार डॉगर, कामी गर्ग, पापु गर्ग, राधेश्याम, शिव सोनी, पुरूषोत्तम, सुरेंद्र, मुनीश जिंदल, केवल, चिमन लाल, नवनीत मेहता, आशू, शुखदीप ग्रेवाल, गिरधारी सिंगला, गिरधारी गर्ग, मक्खन गोयल, चतर सिंह भी मौजूद थे। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रधान रूप गर्ग भाजपा के जिला प्रधान बलदेव सिंह ने गेहूं खरीद कार्य का शुभारंभ करवाते हुए कहा कि सीजन के दौरान व्यापारियों व किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 2275 रेट निर्धारित किया गया है जो कि किसानों को दिया जाएगा।

# पुलिस ने 6 और गांव किए ड्रग मुक्त घोषित

- डीएसपी जगत सिंह ने ग्रामीणों को शपथ दिलवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** डीएसपी जगत सिंह गांव वनसुधार में कार्यक्रम के दौरान गांववासियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाते हुए। फोटो :हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के नेतृत्व में जिला पुलिस सिरसा में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं तथा शीघ्र ही जिला से नशे का पूर्ण सफाया होगा। जिला पुलिस जहां नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कस रही है, वहीं नशे के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर अब तक 41 गांव नशामुक्त हो चुके हैं। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के निर्देश पर सोमवार को जिला के सदर थाना क्षेत्र के गांव बनसुधार में आयोजित एक कार्यक्रम में 6 गांवों को ड्रग मुक्त घोषित किया गया। सिरसा के डीएसपी मुख्यालय जगत सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को गांव वनसुधार में आयोजित कार्यक्रम में गांव बनसुधार, मौजदीन, ढाणी-400, बुर्ज कर्मगढ़, ढाणी ख्योवाली, ढाणी काहन सिंह तथा ढाणी चन्नु शहीद सहित 6 गांवों की पंचायतों को ड्रग मुक्त घोषित होने पर डीएसपी जगत सिंह की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गांव बनसुधार में पुलिस जवानों तथा ग्रामीणों के बीच रस्साकसी का मैच भी करवाया गया तथा युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों से जुड़ने का संदेश दिया गया। डीएसपी जगत सिंह ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला पुलिस के जवानों की वालीबॉल, हैंडबॉल, फुटबॉल तथा क्रिकेट की चार टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें लगातार कस्बों व गांवों में जाकर वहां के युवाओं को खेल गतिविधियों में शामिल कर नशा मुक्ति का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

# युवा मतदाताओं में जागरूकता के लिए बनाया सेल्फी प्वाइंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



**रतिया।** खालसा कॉलेज में आयोजित मतदान जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी राहुल मोदी के दिशा निर्देशानुसार खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय रतिया में लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत चुनावी साक्षरता क्लब व रेड रिबन क्लब द्वारा छात्र छात्राओं को मतदान हेतु प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालय प्रांगण में एक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। सेल्फी प्वाइंट छात्र छात्राओं के मध्य आकर्षण का केंद्र बना व विद्यार्थियों ने सेल्फी प्वाइंट से सेल्फी ली। देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. प्रेम मेहता ने छात्र-छात्राओं को मत का महत्व बताते हुए बढ़ चढ़कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय में चुनावी साक्षरता क्लब के प्रभारी प्रो. कृष्ण लाल ने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए। मतदान भविष्य का विधाता होता है।

# प्रदेश में विपक्षी पार्टियां उम्मीदवार तक नहीं उतार पा रहीं : नापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



**रतिया।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक लक्ष्मण नापा।

रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने दावा किया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी का कोई मुकाबला नहीं है। भाजपा इस सीट को एक तरफा जीतने जा रही है। अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि सिरसा ही नहीं हरियाणा में हालात यह हैं कि विपक्षी पार्टियां उम्मीदवार तक नहीं उतार पा रहीं, इसलिए किसी से भाजपा अपना मुकाबला नहीं मान रही। उन्होंने कहा कि सिरसा में प्रत्याशी डॉ.अशोक तंवर सभी 9 की 9 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार कर चुके हैं, कार्यकर्ता मीटिंगें हो चुकी हैं और रैलियां तक हो चुकी, दूसरी तरफ विपक्षी पार्टियां अभी मैदान में ही नहीं आईं। हर नेता उन्हें जीताने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव में पार्टियां घोषणा पत्र जारी करती हैं, लेकिन पीएम मोदी ने संकल्प पत्र जारी किया है। यानि जो कुछ लिखा है, वह संकल्पित है और तीसरी बार पीएम बनने के बाद सभी कायार्ं को पूरा करना है। इनमें युवाओं, महिलाओं, बेरोजगारी, किसान, गरीबों हर किसी के लिए संकल्प लिए गए हैं। सबसे बड़ा वादा एक देश एक चुनाव का है, क्योंकि हर वर्ष चुनाव पर देश का लाखों करोड़ का पैसा चला जाता है, इसलिए चुनाव एक साथ करवाने का संकल्प लिया गया है।

# तंवर के समर्थन में बिजली मंत्री ने किया दौरा

- कहा, भाजपा का 400 पार का नारा होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** कार्यकर्ताओं की बैठक में मौजूद मंत्री रणजीत सिंह व अशोक तंवर

सिरसा से भाजपा उम्मीदवार डा. अशोक तंवर ने हिसार से पार्टी प्रत्याशी चौधरी रणजीत सिंह के साथ सोमवार को रानियां विधानसभा क्षेत्र के गांव मंगाला, ओटू, रानियां शहर, केहरवाला, खारियां व पन्नीवालामोटा आदि का दौरा किया। भाजपा नेताओं का किसानों का विरोध का सामना भी करना पड़ा। विरोध के चलते पहले से ही सभा स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। डा. अशोक तंवर ने गांवों में भव्य जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में अंत्योदय का सपना पूरा हुआ है। देश की 80 करोड़ जनता को आज निःशुल्क अनाज दिया जा रहा है। इस दौरान डा. अशोक तंवर ने तथ्य एवं तर्क रखते हुए कहा कि पहले सरकारी सुविधाओं व योजनाओं के लिए जनता को दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। आज 684 से अधिक सरकारी सेवाएं व योजनाएं ऑनलाइन हो गई हैं। वर्ष 2014 में विशुद्ध राजनीतिक क्रांति हुई और एनडीए ने पूर्ण बहुमत से केन्द्र में सरकार बनाई। अगले पांच साल बाद जनता ने भाजपा को और बड़ा जनादेश दिया, जिसके चलते भाजपा अपने दम पर सरकार बनाने में सफल रही है और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है।

#### किसानों ने किया विरोध, दिखाए काले झंडे

रानियां कस्बे के दौरे के दौरान किसानों ने हिसार लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह व सिरसा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर का विरोध किया और काले झंडे दिखाए। किसानों के रोष को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। रणजीत सिंह रानियां में एक निजी पैलेस में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करने जा रहे थे।

## बुजुर्ग व दिव्यांगजन मतदाता घर से वोटिंग का चुन सकते है विकल्प : बीडीपीओ

**रतिया।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जगदीश चंद्र के दिशा निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न वगार्ें में मतदाताओं के लिए शुरू की गई सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को बीडीपीओ कार्यालय में बीएलओ व सुपरवाइजर की मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी विकास कुमार लंग्यान ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत अपने अपने बूथ पर 85 वर्ष एवं इससे अधिक व दिव्यांगजन मतदाताओं को 12 डी फार्म दिया गया। उन्होंने कहा कि बीएलओ अपने एरिया में यह सुनिश्चित करे की इन वगार्ें के कितने मतदाता ऐसे हैं जो घर से मतदान करने के इच्छुक हैं। आयोग द्वारा निर्धारित वर्ग के जो मतदाता घर से मतदान करने का आवेदन करते हैं उनका घर से ही मतदान सुनिश्चित किया जाए। लोकसभा चुनाव 2024 में ऐसे लोग जो मतदान करने में सक्षम नहीं है, उनके लिए चुनाव आयोग एक सुविधा मुहैया करा रहा है।




## विद्यार्थियों की दांतों की जांच की गई

**भूना।** शहीद मनीराम बेनीवाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सरपंच हेमंत बैजलपुरिया ने किया वहीं अध्यक्षता प्रिंसिपल सुरेंद्र शर्मा ने की। मंच का संचालन विकास कुमार ने किया। दंत परीक्षण शिविर में बंसल मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक बंसल ने कक्षा 8वीं से 12वीं तक के 246 विद्यार्थियों के दांतों की जांच की और उन्हें ब्रश और टूथपेस्ट वितरित की गई। शिविर में उपस्थित छात्र व छात्राओं को संबोधित करते हैं डॉ. दीपक बंसल ने बताया कि दांत सड़ने से बचने के लिए प्रतिदिन खाना खाने के बाद दांतों की सफाई करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्पाइसी एवं जंक फूड तथा कोल्ड ड्रिंक भी दांतों में बीमारी को बढ़ावा देते हैं। इसलिए इनसे भी बच्चों को दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान रामनिवास, दलबीर सिंह, मास्टर धर्मबीर सिंह, निशांत झुंझाड, सुरेंद्र कुमार, रमेश चंद्र, विकास कुमार, सुनीता रानी, संगीता रानी, अमित पूनिया, कमला देवी,अमित कुमार व अन्य मौजूद रहे।

**चुनाव की तैयारी** | लोकसभा क्षेत्र के आरओ ने अधिकारियों के साथ ईवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्रों का किया निरीक्षण

# निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव के लिए आचार संहिता की पालना होनी चाहिए सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। मतगणना केंद्र और स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते सिरसा लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं सिरसा के उपायुक्त आरके सिंह।

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष करवाने को लेकर सिरसा लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं सिरसा के उपायुक्त आरके सिंह ने जिला के चुनाव से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक ली और चुनाव तैयारियों बारे चर्चा की। रिटर्निंग अधिकारी ने भोडिया खेड़ा कॉलेज में बनाये गये मतगणना केंद्र और ईवीएम स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिये कि मतगणना के दिन राउंड वाइज रिपोर्ट समय पर भेजे ताकि रिजल्ट डिक्लेयर करने में देरी ना हो। लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए रिटर्निंग अधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि वे अपनी-अपनी ड्यूटी ईमानदारी और निष्पक्षता से करें। रिटर्निंग अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार या राजनीतिक दल को एससीएमसी से प्रमाण पत्र लेना होगा। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर चुनाव से संम्बंधित शिकायत कर सकता है। लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी ने नोडल अधिकारी को निर्देश दिये कि लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान करें व अन्य व्यक्तियों को जागरूक करें। मतदान हर पात्र का लोकतांत्रिक अधिकार है। अगर कोई व्यक्ति आपको वोट के लिए प्रलोभन देता है तो उसकी सूचना तुरंत दें।

#### विशेष निगरानी के निर्देश

*रिटर्निंग अधिकारी आरके सिंह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान फ्लाईंग स्क्वैड की टीमें आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना पर विशेष निगरानी रखेंगी। इस टीम में शामिल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में यह ध्यान रखें कि कहीं चुनाव आचार संहिता की अवहेलना तो नहीं की जा रही है। आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी सरकारी व अर्ध सरकारी एवं निजी संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी राजनीतिक संदेश, होर्डिंग्ज, पोस्टर, वॉल पेंटिंग आदि नहीं लगाई जा सकती है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि जिला में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।*